दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 176 मुरादाबाद 21 October 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 18 डिग्री पर AC का लुत्फ उठाने वालों को PM मोदी की नसीहत, कार से जिम जाने वालों को भी सलाह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को गुजरात के केवड़िया में मिशन लाइफ अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि मिशन लाइफ इस मंत्र पर आधारित है कि हर छोटी कार्रवाई मायने रखती है। प्रधानमंत्री ने कहा, उदाहरण के लिए कुछ लोग एसी के तापमान को 17 या 18 डिग्री तक रखना पसंद करते हैं। इससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एयर कंडीशनर (एसी) का तापमान 18 डिग्री पर रखने और फिर कंबल ओढ़ने के बजाय एसी के तापमान को 24 डिग्री पर रखना और बिजली की खपत को कम करना बेहतर है।जिम के प्रति उत्साही लोगों के लिए भी प्रधानमंत्री ने एक सलाह दी। उन्होंने कहा, कार से जिम जाने से बेहतर पैदल चलकर जाना है। इससे स्वास्थ्य में सुधार तो होगा ही, साथ ही ईंधन और ऊर्जा का भी संरक्षण करेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में मिशन लाइफ भारत के नेतृत्व वाला वैश्विक जन आंदोलन बन सकता है। यह पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करेगा। पीएमओ ने कहा, जलवायु परिवर्तन का प्रभाव दिख रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का स्तर बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि मिशन लाइफ पी3-प्रो-प्लैनेट-पीपल के विचार को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, यह मिशन इस पृथ्वी पर सभी लोगों को एक समान लक्ष्य के लिए एकजुट करने की कल्पना करता है। इस ग्रह की भलाई और बेहतरी के लिए जीने का लक्ष्य देता है।

## अकेले पड़े चाचा शिवपाल, मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक ने अखिलेश के नाम कर दी सपा की विरासत



बड़े भतीजे अखिलेश यादव के बाद छोटे भतीजे प्रतीक यादव ने भी चाचा शिवपाल यादव को झटका दिया है। प्रतीक यादव ने प्रयागराज में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही। प्रतीक ने कहा कि नेताजी की सियासी विरासत को अखिलेश भैया ही संभालेंगे। ऐसे बयान को लेकर सियासी चर्चा शुरू हो गई है कि अब चाचा या किसी और कोई दखल नहीं होगी और अखिलेश ही मुलायम की राजनीतिक विरासत संभालेंगे। वहीं हाल में सैफई में 'नेताजी' को श्रद्धांजलि देने आए कार्यकर्ताओं से शिवपाल ने यहां तक कह दिया कि मुलायम सिंह अब अखिलेश में दिखा करेंगे। इस बयान के मायने यह भी लगाए जा रहे हैं कि शिवपाल भी अखिलेश को आगे कर रहे हैं। हालांकि देख वाली बात होगी कि आगे क्या होता है।

### प्रतीक बोले- बड़े भाई अखिलेश संभालेंगे राजनीतिक विरासत

सपा संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बाद मीडिया के सामने आए छोटे बेटे प्रतीक यादव ने कहा कि नेताजी के निधन से उनका व्यक्तिगत और पूरे समाज का बड़ा नुकसान हुआ है। प्रतीक ने कहा कि नेताजी की सियासी विरासत को अखिलेश भैया ही संभालेंगे। प्रतीक यादव ने कहा कि मेरे सिर से पिता का साया छिन गया। मुलायम सिंह का जाना कितना दुख भरा है यह मैं ही समझ सकता हूं। उन्होंने कहा कि नेताजी की कमी पूरा देश महसूस करेगा। प्रतीक यादव ने अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच सुलह-समझौते की बात पर कुछ बोलने से इंकार कर दिया। कहा, पूरा परिवार एक है, यह दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक जवाब नहीं देना चाहता। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद से पूरा यादव परिवार एक साथ दिखाई दे रहा है।

### शिवपाल दे रहे एकजुटता की दुहाई

मुलायम सिंह यादव के जाने बाद से शिवपाल यादव भी नरम पड़ गए है। शिवपाल सभी जगह अखिलेश यादव के साथ नजर आ रहे है। शिवपाल यादव ने बार-बार एकजुट की बता कर हैं। वह कहते दिख रहे हैं कि नेताजी की अंतिम इच्छा थी कि पूरा परिवार एक साथ रहे। कहा कि आप देख सकते हैं कि यहां पूरा परिवार एक साथ मौजूद है। यहीं नहीं बताया जा रहा है कि परिवार के वरिष्ठ सदस्य अब 'नेताजी' की उस इच्छा की दुहाई दे रहे हैं कि जिसमें उन्होंने शिवपाल व अखिलेश को साथ आकर सपा को मजबूत करने व इसे राष्ट्रीय पार्टी बनाने की इच्छा जताई थी।

## मल्लिकार्जुन खड़गे को बलि का बकरा बता रही हैं मायावती, कहा- बुरे दिनों मे दलितों को याद करती है कांग्रेस



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती कांग्रेस पर हमलावर हो गई हैं। उन्होंने इशारों में कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव पर सवाल उठा दिए हैं। साथ ही नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बलि का बकरा बता दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहब आंबेडकर के अपमान के भी आरोप लगाए हैं। खड़गे ने बुधवार को तिरुवनंतपुरम सांसद शशि थरूर को हराकर कांग्रेस प्रमुख का चुनाव जीता है। मायावती ने ट्वीट किया, कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि इन्होंने दलितों व उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर व इनके समाज की हमेशा उपेक्षा/तिरस्कार किया। इस पार्टी को अपने अच्छे दिनों में दलितों की सुरक्षा व सम्मान की याद नहीं आती बल्कि बुरे दिनों में इनको बलि का बकरा बनाते हैं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कांग्रेस पर दलितों की भावना का गलत फायदा उठाने के आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने लिखा, अर्थात् कांग्रेस पार्टी को अपने अच्छे दिनों के लम्बे समय में अधिकांशतः गैर-दलितों को एवं वर्तमान की तरह सत्ता से बाहर बुरे दिनों में दलितों को आगे रखने की याद आती है। क्या यह छलावा व छद्म राजनीति नहीं? लोग पूछते हैं कि क्या यही है कांग्रेस का दलितों के प्रति वास्तविक प्रेम?

### कर्नाटक के दलित नेता खड़गे का सफर

दलित समुदाय से आने वाले खड़गे और कांग्रेस का साथ पांच दशक से ज्यादा पुराना है। खबर है कि इसके जरिए कांग्रेस फिर अनुसूचित जातियों को पार्टी की ओर आकर्षित कर सकती है। साथ ही इसके जरिए पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सामने चुनौती पेश कर सकती है। कर्नाटक के पूर्व सांसद वीएस उगरप्पा कहते हैं, कांग्रेस के प्रमुख के तौर पर खड़गे समाज के सभी वर्गों और खासतौर से दलितों को आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा, यह स्वाभाविक रूप से कांग्रेस को खोई हुई सियासी जमीन दोबारा हासिल करने में मदद करेगा। खास बात है कि कांशीराम और मायावती के नेतृत्व वाली बसपा और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की उभरने के बाद कांग्रेस का जनाधार कम हो गया था।

## आजम खां को झटका: कोर्ट ने नहीं मानी दलीलें, भड़काऊ भाषण मामले पर आज आ सकता है फैसला



भड़काऊ भाषण के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक आजम खां की ओर से फैसले की तारीख टालने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। बचाव पक्ष की ओर से यह कहते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उनका मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए फैसले की तारीख को आगे बढ़ाया जाए। कोर्ट ने उनकी दलील खारिज करते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अक्तूबर को ही निर्धारित कर दी है। कोर्ट की इस कार्रवाई को आजम के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। मिलक कोतवाली में लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने का यह मामला दर्ज किया गया था। यह मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में गवाह बनाए गए सभी पांच गवाहों की गवाही पूरी हो गई है। इस मामले में कोर्ट को बचाव पक्ष की ओर से अपने पक्ष में गवाहों की सूची सौंपी थी,जिसमें से पांच की गवाही पूरी हो गई है। बुधवार को सपा विधायक के अधिवक्ताओं की ओर से एक प्रार्थना पत्र दिया गया,जिसमें कहा गया कि उनका यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है इसलिए 21 अक्तूबर को आने वाले फैसले की तारीख को टाल दिया जाए।

# महिला मेट ग्रामीण विकास समिति ने त्रि सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली- आज सुबह मनरेगा महिला में ग्रामीण विकास समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी चंदौली महोदय को त्रि सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनकी मांग रही कि उत्तर प्रदेश के समस्त महिला मेटों को नियमित रूप से मासिक मानदेय सहित ब्लॉक कर्मचारी भी घोषित कर नियुक्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत में जो भी महिला मेटो में नियुक्त हुई हैं वहां पर अब नई नियुक्ति न की जाए।और 20 श्रमिकों का लगा प्रतिबंध हटाया जाए तथा महिला मेट के हस्ताक्षर के बिना मास्टर रोल पास न किया जाए।व उत्तर प्रदेश की समस्त महिला मेटो ग्राम पंचायत स्तर पर जियो टैगिंग कर संपूर्ण अधिकार देकर शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाए।।इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष सरिता मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष शशि कला सिंह व जिलाध्यक्ष के अलावा कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।



# दवा लेने गये पति व पत्नी मार्ग दुर्घटना मे घायल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती - बहराइच दवा लेने ममता यादव अपने पति पंकज यादव निवासी ग्राम पंचायत पटना विकास खण्ड जमुनहा जनपद श्रावस्ती के साथ मोटर साईकिल से बहराइच गए हुए थे । घर वापस आते समय जमुनहा बहराइच मार्ग पर हरिहरपुर महराज नगर प्राथमिक विद्यालय के पास रोड पर छुटटा जानवरो से टकरा गये । जिससे गाड़ी पक्की सड़क पर गिर गई । और पति पत्नी दोनों सड़क पर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर लाया गया जहाँ पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिनगा के लिए रिफर कर दिया गया है जहाँ पर इलाज चल रहा है । ममता यादव ग्राम पंचायत पटना के पंचायत सहायक के पद पर कार्ययत है । तथा ऐसी घटनाएं आये दिन छुट्टा जानवरो के कारण हुआ करते है छात्रा पीईटी परीक्षा देने जा रही थी जो सड़क पर खड़े छुट्टा जानवर से टकरा कर मौत हो गई ।फिर भी प्रशासन द्वारा ऐसे घटनाओ पर मौन है , जबकि उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रत्येक गाँव मे गौशाला संचालन हेतु सरकार जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी व जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान को चारा पानी व जानवरो के खाने की व्यवस्था हेतु धन मुहैया करा दिया गया है , लेकिन छुट्टा जानवर रोडो पर घूम रहे है और कार्यवाही कागजो तक सीमित है सरकार धन का बन्दर बाट किया जा रहा है जिसे समस्या दिन प्रति दिन भीषण भयावह होती जा रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# नगर पंचायत इकौना के चुनाव प्रभारी बने चन्द्र कुमार मिश्रा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में सरगर्मियां तेज हो गई है,दिसम्बर माह के अंत तक नगर पंचायत व नगर पालिका का चुनाव होना है,इसी को देखते हुए,भारतीय जनता पार्टी कार्यालय द्वारा समस्त जिलों के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए हैं,इसी क्रम में आज नगर पंचायत इकौना का चुनाव प्रभारी चन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा प्रभारी विधानसभा भिनगा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा को नियुक्त किया गया है,प्रभारी ने बताया कि जो संगठन द्वारा हमे जिम्मेदारी मिली हम उसको पुरी निष्ठा के साथ निभाएंगे,हमारी सरकार आमजनमानस के लिये समर्पित हैद्य

# बकरी चराने गयी बालिका राप्ती नदी में डूब कर मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम परसा निवासी नंन्दनी आयुष 7 वर्ष व चांदनी आयु 10 वर्ष पुत्री गोविंद मौर्या निवासी परसा यह अपने घर से बकरी चराने के लिए नदी के तरफ गई हुई थी जहां पर दोनों लड़कियां पानी पीने के लिए राप्ती नदी परसा बंधा के पास पानी पीने गई और पैर फिसल गया राप्ती नदी में डूब कर मौत हो गई । जिसकी सूचना बकरी चराने गए साथ में लड़को ने दिया इस संबंध में परिजनों ने पुलिस चौकी परसा को सूचना दिया परसा पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।और कार्यवाही की जा रही है

# विष्णुपुरी में महिला से देर जंजीर झपटी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़--महानगर के क्वारसी क्षेत्र के विष्णुपुरी में घर के बाहर टहलते समय महिला के गले से बाइक सवार जंजीर झपट ले गए हालांकि शोर शराबे पर इलाके के लोग बदमाशों के पीछे भागे मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है घटना के कुछ देर बाद ही बदमाशों की सीसीटीवी में बदमाश नजर आ गए हैं इलाके के रहने वाले नागेश गौतम के अनुसार उनकी मां कैलाश देवी टहल रही थी तभी बाइक पर तीन युवक तमंचा लहराते हुए उनके गले से जंजीर झपाट ले गए हालांकि शोर-शराबे पर एकत्रित पब्लिक ने बदमाशों का पीछा किया मगर पकड़ा नहीं जा सका इंस्पेक्टर क्वारसी के अनुसार मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस ने कुछ घंटे के प्रयास के बाद बदमाशों के सीसीटीवी प्राप्त कर लिए हैं तीनों के चेहरे उसमें कैद हैं,जिन्हें महिला ने भी पहचान लिया है सीओ तृतीय श्वेताभ पांडे के अनुसार सर्वोदय नगर चौराहा विष्णुपुरी में हुई लूट के मामले में जो चेहरे सीसीटीवी में कैद हुए हैं, उनके विषय में किसी को भी कोई सूचना मिले तो वह इंस्पेक्टर क्वारसी, सीओ तृतीय, एसपी सिटी या एंटी हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकता है उसका नाम व पहचान गोपनीय रखी जाएगी

# 90 हजार की लूट में 15 दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- जलाली क्षेत्र में 3 अक्टूबर की रात करीब 9॰30 बजे दुकान बंद कर घर लौट रहे मोबाइल विक्रेता से अपाचे सवार तीन बदमाश तमंचे के बल पर 90 हजार रुपए नकदी भरा हुआ थैला लूट ले गए थे 7 इस मामले में 15 दिन बाद पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है 7 बता दें कि जलाली कस्बे में मजरा नजीब अली निवासी बंटी पुत्र शांति स्वरूप की जलाली बस अड्डे पर मोबाइल की दुकान है 7 3 अक्टूबर की रात बंटी दुकान बंद कर भतीजे के साथ बाइक से घर लौट रहा था रास्ते में अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर 90 हजार की नकदी भरा थैला लूट लिया था 7 थैले में रखे मोबाइल की लोकेशन के सहारे बरला क्षेत्र से थैले में रखे मोबाइल और टेबलेट व कागजात सड़क के किनारे से बरामद हो गए थे 7 पीड़ित पुलिस की कार्यवाही को लेकर असंतोष व्यक्त कर रहे हैं 7 उनका कहना है कि मोबाइल व अन्य सामान बरामद उनके अपने प्रयासों से हुई है 7 अभी तक पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाही दिखाई नहीं दी है 7

# प्रेमी के साथ भागी युवती, खैर से बरामद

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- रोरावर थाना क्षेत्र के इलाके से प्रेमी के साथ फरार हुई युवती को पुलिस ने खैर क्षेत्र से बरामद कर लिया 7 युवती ने पुलिस को दिए बयानों में अपनी मर्जी से जाने की बात कही है 7 उसके अदालत में बयान कराए जाएंगे रोरावर क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली युवती की मुलाकात कुछ दिनों पहले इगलास के 1 गांव निवासी युवक से हुई थी 7 दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए 7 स्वजन को पता चला तो विरोध किया गया 7 इस पर 6 अक्टूबर को युवती प्रेमी के साथ नोएडा फरार हो गई 7 इसके बाद युवक ने उसे खैर क्षेत्र के 1 गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में छोड़ दिया 7 इधर,युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज करा दिया 7 पुलिस ने लोकेशन के आधार पर युवती को बरामद कर लिया 7 इंस्पेक्टर सुधीर धामा ने बताया कि युवती का मेडिकल कराया जा रहा है 7 अदालत में बयान होंगे 7 युवक की भी तलाश की जा रही है

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

# फसलों का आंकलन कराकर तत्काल कृषकों का मुआवजा दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये-अपर मुख्य सचिव

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - प्रदेश शासन द्वारा जनपद मुरादाबाद हेतु नामित नोडल अधिकारी श्री सुरेश चन्द्रा, अपर मुख्य सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उ0प्र0 की अध्यक्षता में आज जनपद में बाढ़/अतिवृष्टि की आपदा से निपटने हेतु बचाव एवं राहत कार्यो की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस मुरादाबाद में आहूत की गयी, जिसमें अपर मुख्य सचिव ने बाढ़ राहत एवं आपदा, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, पशुपालन, कृषि, विद्युत, सिंचाई/बाढ़खण्ड, खाद्य एवं पूर्ति, पंचायतीराज विभाग द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा करते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि बाढ़ से जो गांव प्रभावित हुए हैं तथा धान की जो फसल शत प्रतिशत नष्ट हुई है उन फसलों का आंकलन कराकर तत्काल कृषकों का मुआवजा दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के पानी से गन्ने की फसल भी खराब हुई है, जिन गन्ना मिलों से बाढ़ प्रभावित गांव लगे हैं जिलाधिकारी वहां के मिल प्रबन्धन से वार्ता करें ताकि गन्ना डालने में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 प्रतिशत से अधिक फसल में नुकसान होने पर 13500/- प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिए जाने की कार्यवाही की जा रही है। नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त



करते हुए निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमें गठित कर बीमारी से बचाव हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवकाशों में भी स्वास्थ्य टीमों द्वारा निरन्तर कार्य किया जाये। जिला स्तर पर जो भी एक्टिविटी हों वह कंट्रोल रुम में भी नजर आयें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से बाढ़ के बाद किए गये कार्यो की जानकारी लेते हुए कहा कि उन बाढ़ प्रभावित ग्रामों को स्वयं भ्रमण करें तथा बीमारी से बचाव हेतु वैक्सीनेशन करायें तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी करायें। उन्होंने कहा कि बाढ़ से पशुओं का चारा पानी में डूबा है यह देख ले कि चारे में कोई बायरस तो नही है, हरा चारा बाढ़ के कारण खत्म हो गया अत: चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ठाकुरद्वारा में वर्षा में छत गिरने के कारण घायल हुए पशु के संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जानकारी न होने पर अपर मुख्य सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव ने बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये और संबंधित विभागों की टीमों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मकानों का भी सर्वे करा लिया जाये जहां स्कूल आंगनवाडी केन्द्र आदि की क्षति हुई है उन्हें तत्काल दुरस्त किया जाये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिया कि लेखपालों से फसल का सही तरह से आंकलन करायें कोई भी शिकायत नही मिलनी चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि जो सड़के बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई हैं उन्हें तत्काल दुरस्त कर आवागमन हेतु बनाया जाये। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया बाढ़ से जो विद्युत पोल या लाईनें टूटी हैं उनका सर्वे करा लिया जाये और विद्युत की आपूर्ति सुचारु रुप से आपूर्ति की जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का स्वयं भी भ्रमण किया जाये। नोडल अधिकारी ने जल निगम को निर्देशित किया कि जहां बाढ़ आयी है वहां वाटर टेस्टिंग करायी जाये। अपर मुख्य सचिव ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में भ्रमण करने के निर्देश दिये हैं तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में किए गये भ्रमण प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। बैठक में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री युगराज सिंह, एसपी देहात श्री संदीप मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सभी उपजिलाधिकारीगण, डीएसटीओ, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - आज जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति समीक्षा हेतु बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 22 अक्टूबर शनिवार तक पूर्ण करवायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां पर्यवेक्षण का कार्य संतोषजनक नही है वहां के बी0एल0ओ0 से भी वार्ता की जाये जिससे जल्द से जल्द फीडिंग का कार्य करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि जिस वार्ड में मतदाता रहता हो उसी में ही उस मतदाता का नाम अंकित हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बी0एल0ओ0 को डोर - टू- डोर कार्य करने को प्रोत्साहित करें एवं पाण्डुलिपि की बी0एल0ओ0 से सही तरीके से जांच करवाये। उन्होंने बताया कि तीन सूचियां जो कि परिवर्तन, अपमार्जन एवं संशोधन की है, उसकी सही तरीके से जांच करवाकर फीड करवायें। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर आफिसर्स को निर्देश दिये कि वार्डवार सूचियों की सही से जांच करवायें एवं अगर जरुरत पड़े तो अपने आफिस के कर्मचारियों को भी शामिल कर लें। जिलाधिकारी ने बताया कि गलत नाम को सही करवाया जाये तथा दो बार आये नाम को दुरस्त करवा दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय कुमार गौतम, समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं सेक्टर आफिसर्स उपस्थित थे।

# आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज मेरठ में एम.बी.ए डिपार्टमेंट की तरफ से आयोजित दिवाली मेले में बीटेक फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों ने बाजी मारी

एन.राज शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मेरठ-आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज मेरठ में एमबीए डिपार्टमेंट की तरफ से विभागाध्यक्ष डाक्टर विख्यात सिंघल के कुशल प्रबंधन में दीवाली मेले का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर गायन, नृत्य, रंगोली एवं थाली मेकिंग प्रतियोगिता, दिया मेकिंग तथा अन्य बहुत सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम वर्ष के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अली अकबर के निर्देशन तथा प्रोफेसर शिवानी अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन के अंतर्गत गायन प्रतियोगिता में सक्षम ,बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में उदय प्रताप तथा ओवैस एवं रंगोली प्रतियोगिता में रिया ,संस्कृति, खुशी के समूह ने



तृतीय स्थान प्राप्त किया ।विशाखा ,दीपांश, संस्कृति , मयंक माथुर,मयंक कुमार, खुशी, भावना, मानवी त्यागी,इत्यादि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर अपनी सांस्कृतिक एवं कलात्मक अभिरुचियों का खूबसूरत प्रदर्शन किया।संस्थान के निदेशक डाक्टर संजीव माहेश्वरी एवं एमबीए डिपार्टमेंट के एच.ओ.डी डॉक्टर विख्यात सिंघल ने निर्णायक जज डॉक्टर हिमांशु एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Bhagat Singh of AAP

Manish Sisodia, deputy chief minister of semi-state Delhi, was not arrested and sent to jail. The CBI investigation team interrogated him for about 9 hours and let him go home. There was no agenda for arrest. Chief Minister Kejriwal and other party leaders were shouting in vain. The investigation in connection with the alleged liquor scam in Delhi is still on. Sisodia can be summoned again, as according to the FIR, he is accused number one. Sisodia will have to give accurate answers to the questions, evidence and investigation related to the scam. However, the court can also order to send them to jail. Apart from the investigation, Sisodia has pasted sensational and very serious allegations on the CBI. There has been a failed attempt to 'BJPize' the CBI. After interrogation, Sisodia termed the case and the investigation as 'fake' as soon as he came out and alleged that the investigating agency officials kept pressurizing him to leave the Aam Aadmi Party (AAP) and join the BJP. He assured that the cases will also be over and the Chief Minister will also be made. Sisodia termed it as 'Operation Lotus', not an investigation. He also raised a slogan to fight such greed and politics. The next day he went to Gujarat and kept tarnishing the CBI in election public meetings there. Sisodia could be caught in another maze, as the CBI's investigation and interrogation process is videographed. If she challenges Sisodia's unsubstantiated statements in court, Sisodia may go unanswered. He can also apologize habitually to AAP leaders. Kejriwal and Company have apologized in front of the court by accusing many big leaders of the country. This is the tradition of AAP. However, after the constitution came into force on January 26, 1950, we became a fully republic in the country. When the CBI was set up as the premier investigating agency, not a single accused and criminal has more or less raised serious stigmas of politicization. The CBI has investigated all the big scams involving leaders of Congress, BJP and other parties. Of course, one can question the CBI's findings and average conviction rate, but being a political spokesperson or advocate is not a constitutional mandate of the CBI. It is a constitutional arrangement that whichever party is in power and the Prime Minister of any country is elected, the CBI has to work under it, but the investigation and functioning of the CBI is largely autonomous, because the agency, ultimately, is accountable to the court. This politics of Sisodia is not only hollow and meaningless, but considering himself as an incarnation of 'Shaheed Bhagat Singh' is also an insult to the revolutionaries. India is neither a slave country nor an imperialist ruler. There will be no death sentence for Sisodia. He is not even sacrificing the country. He is accused of a scam and was summoned before the investigating agency. father of the Nation has also associated himself with Mahatma Gandhi, of course, on Gandhi Jayanti, October 2, AAP leaders can forget to visit 'Raj Ghat'. Interestingly, AAP leaders and spokespersons are calling the current fight against the liquor scam as the "second fight for freedom". Kejriwal himself has been shouting for the last two months that now there is a preparation to send Sisodia to jail, but has been shying away from giving accurate answers to questions related to the scam. In fact, we consider Kejriwal as the 'main accused', because without the permission of the Chief Minister, the liquor policy could not have been made.

# Rakhi Sawant landed on the streets of Mumbai as a bulb, users said - a moving transformer

Drama queen Rakhi Sawant does something or the other every day that it becomes fiercely viral on social media. Something similar happened this time as well. On the occasion of Diwali, Rakhi Sawant came out as a bulb on the streets of Mumbai. In this video Rakhi is seen wrapping lights on her body. Rakhi roamed the streets of Mumbai as a bulb- In the video, Rakhi Sawant is seen wrapping Diwali strings all over her body and saying Happy Diwali to all the fans. She says I have a special Diwali dress. Not only this, Rakhi goes to the shopkeepers and asks, tell me which Diwali cracker I am. Then everyone starts saying from behind that you are an atom bomb. Rakhi Sawant starts laughing after listening to him. Users are commenting fiercely on this video. Some are calling them a gimmick and some have called them a sample. So some wrote whether Urfi was less which now this too. Boyfriend is dating Adil- Aalid and Rakhi Sawant's love story is not hidden from anyone. Every day Rakhi keeps expressing her love with Adil. The two are often seen together everywhere from gym to airport and coffee shop. Adil has given many gifts to Rakhi. Recently, Rakhi was shocked to see a diamond necklace gifted in Dubai. Not only this, Adil had given him the purchase of a luxurious house in Dubai.



# Urfi Javed wore his lungs topless, people's head baffled after watching the video

Urfi Javed thinks of creative ideas for his look. Every day a new getup surprises people. Now in his latest video, he has been given a message by going topless. Urfi has put on lungs instead of proper top. Along with the caption, smoking is injurious to health. As usual people are trolling Urfi on his getup. Along with this, this video of her is also going viral. Lungs seen in place of the top - Urfi Javed keeps surprising people with her experiments with clothes. His latest video is in discussion. In this video, Urfi is wearing low vest pants. At the same time, instead of the top, the structure of metal-like lungs is worn. In the clip, Urfi is seen posing like a model in high heels. Some people have praised Urfi on this video and some have also made negative comments. Unique Experiment with Shirt- Earlier Urfi had done a bold experiment with shirt. Urfi was seen backless in the video. He had a blue colored shirt tied around his neck and arms. Urfi wrote in the caption that you do not need to wear a shirt to wear a shirt, there is a huge popularity on social media - recently the music video of Urfi Javed has also arrived. The video of the title Hi Hi Yeh compulsion has got a lot of views on YouTube. Urfi showed its BTS video. In this, she slipped from the swing and fell. Urfi's social media is quite engaging. She has 3.7 million followers and she keeps trying to give new content every day.



# सड़क न बनने के कारण अत्यधिक धूल उड़ने की समस्या को लेकर ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा के नगर अध्यक्ष श्री अतुल राठी जी के नेतृत्व में एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा के कई अन्य पदाधिकारिओं ने जी टी रोड पर सड़क न बनने के कारण अत्यधिक धूल उड़ने की समस्या को लेकर एक ज्ञापन श्री आलोक कुमार जी माननीय अपर जिलाधिकारी महोदय जनपद एटा को सौंपा ! अपने सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा के समस्त पदाधिकारिओं ने माननीय अपर जिलाधिकारी महोदय को सादर अवगत कराया कि जी टी रोड पर जल निगम एटा द्वारा सीवर लाइन का कार्य काफी समय पूर्व पूर्ण करने के बाद भी सड़क को यूं ही गिट्टी डालकर कच्चा छोड़ दिया गया है जिससे वाहनों एवं राहगीरों आदि को आवागमन आदि में काफी असुविधा हो रही है ! डाबर की पक्की सड़क न बनने के कारण कच्चे रास्ते वाले जी टी पर अत्यधिक धूल उड़ने की विकराल समस्या पैदा हो गई है , जिससे राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ! अभी दीपावली का त्योहार है लोग त्योहार मानने हेतु समान की खरीददारी करने बाजार आ रहे हैं उनको आवागमन तथा खरीददारी करने आदि में काफी असुविधा हो रही है ! अत: एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा के समस्त पदाधिकारिओं द्वारा माननीय अपर जिलाधिकारी महोदय से ज्ञापन के माध्यम से व्यापारी एवं जनहित में यह विनम्र निवेदन किया गया कि दीपावली का पर्व सफाई , सजावट , पूजा पाठ आदि का पर्व है इस पर्व को उसी के अनुरूप पूर्ण हर्षोल्लास पूर्वक मनाये जाने हेतु जी टी रोड एटा के कच्चे पड़े मार्ग को अति शीघ्र डाबर का पक्का करवाने का कष्ट करें ! जिससे सफाई एवम आवागमन आदि की सुविधा व्यवस्थित हो सके ! ज्ञापन देने वालों में कल्लू मियां , अतुल राठी , डेविड जैन ,अमित गुप्ता ,कैलाश जैन , आदेश गुप्ता ,संजीव जैन , प्रसून वार्ष्णेय , गणेश वार्ष्णेय , संजीव वार्ष्णेय ,साबिर मियां ,उमेश प्रताप सिंह चौहान , आनंद सर्राफ , नेवी जैन , राजीव जैन सहित कई अन्य पदाधिकारी थे !

# साइबर अपराध से संबंधित सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें--इंस्पेक्टर राजू सिंह

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-वर्तमान समय में जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ा है उसके गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर अभियान के तहत लोगों को इसके प्रति जागरूक कर रही है । साइबर अपराध क्या है,खुद को कैसे बचाये इससे? इस संदर्भ में अनुभवी इंस्पेक्टर राजू सिंह ने बताया कि एक पूर्ण-सेवा इंटरनेट सुरक्षा सूट का उपयोग करें,मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें,अपनी सोशल मीडिया सेटिंग्स प्रबंधित करें।यह अपराध मुख्य रूप से ऑनलाइन होता है।साइबर अपराधी अक्सर कंप्यूटर नेटवर्क या उपकरणों को लक्षित करके अपराध करते हैं।अन्य साइबर अपराधों में रिवेंज पोर्न, साइबर-स्टाकिंग, उत्पीड़न, धमकाने और बाल यौन शोषण जैसी चीजें शामिल हैं।मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें अलग-अलग साइटों पर अपने पासवर्ड न दोहराएं,और नियमित रूप से अपने पासवर्ड बदलें। उन्हें जटिल बनाये।कम से कम 10 अक्षरों,संख्याओं और प्रतीकों के संयोजन का उपयोग करे।आप सार्वजनिक रूप से जितना कम साझा करेंगे,उतना बेहतर होगा। जब भी आप सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क, चाहे वह किसी पुस्तकालय,कैफे,होटल या हवाई अड्डे पर हो, तो वीपीएन का उपयोग करना एक अच्छा विचार है।अपने बच्चों से इंटरनेट के बारे में बात करें और साइबर अपराध से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत के लिए तत्काल 1930 पर डायल करें।

# रास्ता भटके मासूम को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा- 卐ऑपरेशन मुस्कान卐 के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा रास्ता भटके मासूम को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया। आज दिनांक 19.10.2022 को 6 वर्षीय मासूम बच्ची काजल पुत्री रामकुमार निवासी शास्त्रीपुरम, अलीगंज रोड एटा किसी कारण अपने परिवार से बिछड़ने के बाद रो रही थी, तभी अलीगंज रोड पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थाना कोतवाली नगर की सेकंड मोबाइल पर ड्यूटीरत का० विजय, का० योगेंद्र व का० अजीत कुमार की नजर बच्ची पर पड़ी और उनके द्वारा बच्ची को स्नेहपूर्वक अपने साथ लेकर बच्ची के माता-पिता की काफी खोजबीन की गई और सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया। अपनी बच्ची को सकुशल देख परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया तथा वहां उपस्थित सभी लोगों ने एटा पुलिस के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# परिणाम आने पर हर्ष व्यक्त किया हर्ष व्यक्त


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटामपूर्व सांसद मलिकार्जुन खरगे जी के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आज एटा शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती सत्य बहन गांधी मार्केट आवास पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती सत्या बहन ने कहा कांग्रेस में जिस प्रकार लोकतांत्रिक तरीके से कार्यकर्ताओं ने वोट कर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुना है यह इस बात का प्रमाण है की कांग्रेस ने सदैव लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा सत्ता में रहकर जहां जनता की भावनाओं को समझ कर नीतियों का निर्धारण किया वहीं आज कार्यकर्ताओं की भावना को तवज्जो देकर कार्यकर्ताओं के द्वारा अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है यह उन दलों के लिए प्रेरणा है जो सत्ता में रहकर हिटलर शाही करते हैं अपने संगठन में भी पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा कि निश्चित मल्लिका अर्जुन जी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कांग्रेस का संगठन मजबूत होगा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरगे जी के नेतृत्व में कार्य करेंगे 17 तारीख को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर हुई वोटिंग में एटा जिला के सभी पीसीसी सदस्यों ने वोट किया था रने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती पूजा अमरोही पूर्व जिला अध्यक्ष चोब सिंह धनगर पीसीसी सदस्य मोहम्मद इरफान एडवोकेट पीसीसी सदस्य नैना शर्मा महोरेरा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तारा राजपूत रजनी कांत शर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष शर्मा प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ संगठन उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी भोला गुप्ता डॉक्टर सुरेंद्र सविता अरविंद कश्यप जयकुमार बृजकिशोर प्रमोद बंटी सिंटू कुमार मुकेश बघेल अनवर भाई जितेंद्र राजपूत दिनेश कुमार प्रियांशु पाराशर पीयूष पाराशर आदि साथियों ने जहां कैंप कार्यालय पहुंचकर बधाइयों का आदान प्रदान किया तो वही जनपद के लगभग समस्त कांग्रेस जनों ने दूरभाष के माध्यम से एक-दूसरे को बधाइयां दी

# जनपद मे चरम पर अबैध लकड़ी कटान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-एटा- जनपद एटा मे बिना परमिशन के बड़े स्तर पर अवैध लकड़ी कटान का काम पिछले कई वर्षों से जोर -शोर से फल फूल रहा है। इतने समय से अवैध कटान चल रहा हो ओर विभाग को जानकारी न हो ऐसा संभव ही नहीं है! अवैध कटान का यह काम विभागीय मिली भगत से वर्षों से होता चला रहा है। जनपद के ठेकेदार भ्रष्ट कर्मचारियों क़ी बजह से न केवल प्रकृति का संतुलन खराब कर रहे है वल्कि सरकार के राजस्व को भी चुना लगा रहे है। परमिशन मे भी खेला अब चुंकि लोग लकडी कटान पर जागरूक हो चुके है, ऐसे मे लकड़ी के ये ठेकेदार परमिशन लेके भी कटान करते है,उसमे मे भी ये शातिर पना करते है जितने पेड़ो के काटने क़ी परमिशन ये लकड़ी चोर लेते है,

उस से अधिक ये पेड़ काट लेते है ओर परमिसन के कागजात दिखा कर लोगों को भृमित कर देते है। यदि कोई आम -जन, विभाग को ऐसे कटानों क़ी जानकारी देता है तो विभागीय कर्मचारी सूचना देने वाले से ही अभद्र भाषा मे वात करते है जिससे यह स्पस्ट हो जाता है विभाग इन चोरों से मिला हुआ है। अबैध कटान पर विस्तृत खबर जल्द आप को मिलेंगी, जिसमे लकड़ी चोरों, भृष्ट अधिकारी व कर्मचारी ओर संरक्षण दाताओं के नाम भी स्पस्ट होंगे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत दिये गये निर्देशों का हुआ अमल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- क्रेड़ा विभाग द्वारा विद्युतविहीन 21 ग्रामीणों के यहाँ सोलर होमलाइट संयत्र स्थापित कर किया गया प्रकाश व्यवस्था सूरजपुर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सूरजपुर जिले में प्रवास के दौरान ग्राम कुदरगढ़ जनचौपाल में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के साथ भेंट मुलाकात में ग्राम कुप्पी के जमड़ीपारा में निवासरत पंडो जनजाति की समस्या से अवगत कराया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा ग्राम कुप्पी के ज़मडीपारा में मुलभुत सुविधाएं सडक, बिजली, पानी की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रशासन को निर्देश दिए थे। जिस पर क्रेडा विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाही करते हुए सूरजपुर जिला अंतर्गत विकासखंड ओड़गी मे ग्राम पंचायत कुप्पी के आश्रित ग्राम जमड़ीपारा जो कि पहाड़ के ऊपर है वहाँ सर्वे उपरांत विद्युतविहीन 21 ग्रामीणों के यहाँ सोलर होमलाइट संयत्र स्थापना कर प्रकाश व्यवस्था किया गया है जिसमें 5 नग एलईडी टूबलाइट 8 वॉट की एवं 1 नग पंखा शामिल है, जिससे ग्रामीणों मे अत्यंत हर्ष है। सोलर होम लाइट प्राप्त करने वाले हितग्राहीयों में श्यामलाल, रामदास, अनिल सिंह, करम सिंह, रामकुमार, सुमित, दिनेश, शिवचरण, मोहरलाल, अशोक यादव, फूलमत, शैलेश यादव, चरकु, शिवबालक, जगन्नाथ सिंह, पिंटू सिंह, शिवकुमार, राजु, श्रवण, जगदीश एवं अशोक सोनवानी शामिल है। सरपंच एवं समस्त पारावासी ग्राम पंचायत कुप्पी द्वारा मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है

## विद्यालय में पुलिस ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद, हमर बेटी-हमर मान व अभिव्यक्ति ऐप के बारे में दी जानकारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में गुरूवार को थाना प्रभारी ओड़गी, चौकी प्रभारी खड़गवां व मोहरसोप के द्वारा क्षेत्र में स्थित हाईस्कूल पहुंचे और छात्र छात्राएं से संवाद करते हुए जागरूक होकर अपराध का विरोध करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने बताया किसी भी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराध की रोकथाम व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। उन्हें सतर्कता व अपराध के प्रति विरोध के लिए जागरूकता के संबंध में बात की व पुलिस की अपराधों के खिलाफ की जाने वाली कार्य प्रणाली से अवगत कराया। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान हमर बेटी-हमर मान एवं अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता के बारे में बताया और ऐप डाउनलोड कराया। महिला हेल्पलाइन आदि की जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराध एवं वर्तमान समय में ठग किसी व्यक्ति को कैसे अपने झांसे में लेकर धोखाधड़ी करते है उसे बारे में बताकर सावधानी बरतने की अपील किया। स्कूलों में पहुंचे पुलिस अधिकारियों से इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई सवाल भी कर उनके उत्तर प्राप्त किए। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी, चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंह, चौकी प्रभारी मोहरसोप रंजीत सोनवानी, स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्ष

## कांग्रेस सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा का प्रदर्शन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- प्रदेश महिला मोर्चा के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा कांग्रेस सरकार में लगातार बढ़ते अपराध, दुष्कर्म, शराब खोरी, हत्या, लूट जैसे अपराधों के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े की अगुवाई में भटगांव विधान सभा के विधायक पारसनाथ राजवाड़े के निवास घेराव काली पट्टी लगाकर किया गया। जिसमें पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री परमेश्वरी रजवाड़े, महिला मोर्चा जिला महामंत्री नूतन विश्वास, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेश्वरी शर्मा, महरजिया सिंह, पूनम देव, सीता जायसवाल, गीतांजलि रजवाड़े रीना दास, नंद कुमारी, सुमित्रा रजवाड़े एवं काफी संख्या में महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी उपस्थित रही।

## उपचारात्मक शिक्षण अन्तर्गत बेसलाईन परीक्षा आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन में जिले में उपचारात्मक शिक्षण अन्तर्गत बेसलाईन परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड भैयाथान के शासकीय हाई स्कूल समौली, शाउमावि भैयाथान, कसकेला. शा.पूर्व माध्यमिक शाला समौली, कसकेला एवं विकासखण्ड ओडगी के शा. उमावि. दवना, पकनी शा. पूर्व माध्यमिक शाला दवनसरा दवना, पकनी तथा विकासखण्ड सूरजपुर के शा. उमावि. सूरजपुर कन्या सूरजपुर, केतका, डेडरी, पोडी, डुमरिया, पसला बसदेई, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केतका, केतका आश्रम, डेडरी, डुमरिया, पसला के साथ साथ कुल 25 केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांति पूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही थी। यह कार्यक्रम उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार पूरे जिले में मिशन एलओसी के नाम से चलाया जा रहा है। उपरान्त जिले के सभी 156 हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा 553 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत् विद्यार्थियों की वास्तविक स्थितियों का आंकलन किया जायेगा। उपचारात्मक शिक्षा की कक्षाएं चलाई जाएंगी एवं जिले में गठित पीएलसी के माध्यम से विषय वस्तु को समझने में हो रही कठिनाईयों का रोचक विधियों से निराकरण का प्रयास किया जायेगा।

## शादी का झांसा देकर अपहरण करने वाला आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



थाना पेंड्रा/अपराध क्रमांक 328/22 धारा 363, 366, 376 भादवि, 4,6 पास्को एक्ट आरोपी- गौतम कुमार चौधरी पिता भोला चौधरी उम्र 21 साल निवासी महना थाना एवं जिला बेगूसराय बिहार मामला थाना पेंड्रा का है प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से स्कूल जाने के नाम से दिनांक 13/08/2022 को सुबह 8-00 बजे निकली थी जो घर वापस नहीं आई थी रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था औऱ मामले की विवेचना की जा रही थी थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, *पुलिस अधीक्षक श्री यू. उदय किरण* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेंड्रा को प्रकरण में तत्काल अग्रिम कार्यवाही का निर्देश दिए। थाना पेंड्रा की टीम के द्वारा साइबर सेल की मदद से बेगूसराय पहुंचकर दबिश देकर अपहृता को आरोपी से बरामद कर प्रकरण वैधानिक कार्यवाही करते हुए , अपहृत बालिका को उसके वरिसानो को सौंपकर प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 4,6 पास्को एक्ट जोड़कर आरोपी गौतम कुमार चौधरी पिता भोला चौधरी उम्र 21 साल निवासी महना थाना एवं जिला बेगूसराय बिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## सड़क के ऊपर दुकान निर्माण स्थल का विधायक मरवाही डॉ के के ध्रुव और ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया अवलोकन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



डॉ के के ध्रुव :- दवाई दुकान का निर्माण मरीज़ों की जान बचाने के लिए किया जाना चाहिए न की जान लेने के लिए। मनोज गुप्ता - वार्ड वासियों की सहूलत को देखकर ही कोई भी निर्माण किया जाना चाहिए। नगर पंचायत गौरेला के वार्ड नं 05 में चालू सड़क के ऊपर किए जा रहे अवैध दुकान निर्माण पर वार्ड वासियों की आपत्ति के बावजूद नगर पंचायत गौरेला द्वारा जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर आज वार्ड वासी ने अपनी मांग प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रख आग्रह किया कि सड़क पर दुकान का निर्माण न किया जावे जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में काफी जगह है जबकि उक्त धन्वन्तरि दवाई दुकान शहर के हृदय स्थल मंगली बाजार में सुचारू रूप से संचालित हो रही है ज्ञात हो मंगली बाजार शहर का मुख्य बाजार है जहाँ पूरे शहर एवं गांव देहात के आम लोग बाजार करने आते है जिसे वही रहने दिया जाये या अन्यत्र कही निर्माण किया जाये। आग्रह कर रहे वार्ड वासीयों को प्रशासन एवं पुलिस गैर क़ानूनी तरीके से उठाकर ले गई एवं वहां एक आतंक एवं भय का माहौल हो गया इस पर वार्ड वासीयों ने मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव एवं जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता से आग्रह किया मौके पर आ कर मौके का जायजा लें जिस पर शाम को विधायक एवं जिलाध्यक्ष मौके पर पंहुच कर स्थल एवं सड़क से लगी दोनो आंगनवाड़ी का जायज़ा लिया व सहमे हुये वार्ड वासियो से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी व उनका ढाढस बांधाया। कहा कि निर्माण कार्य, दुर्घटना स्थल न बन जाए यह निर्माण कार्य जनहित में किया जाना चाहिए लोगों की जान ले कर नहीं होना चाहिए,दवाई दुकान लोगों की जान बचाने के लिए है जान लेने के लिए नहीं है। वार्ड वासीयों के आग्रह पर विधायक डॉ के के ध्रुव ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर विषय पर जिला प्रशासन से समुचित न्याय संगत कार्यवाही करने की बात कही।